Title : Need to include laws relating to reservation of SCs/STs in the 9th Schedule to the Constitution-Laid.

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** मैं केंद्र सरकार का ध्यान अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण संबंधी सभी कानूनों को संविधान की 9वीं सूची में शामिल करते की ओर आकर्षित करना चाहूँगा।

अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण संबंधी सभी कानूनों को संविधान की 9वीं सूची में शामिल करने से भविष्य में इन वर्गों के लोगों को मिल रहे आरक्षण के लाभ को सुनिश्चित रखा जा सकता है।

वर्तमान समय के दौरान देश में कुछ निजी संस्थाओं के द्वारा आरक्षण के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की जा रही हैं, जिससे इन वर्गों के लोगों में एक चिंता का माहौल बन गया है और इन चिंताओं को समाप्त करने के लिए इन वर्गों को केंद्र सरकार की ओर से एक ठोस आश्वासन की आवश्यकता है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि जल्द से जल्द अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण संबंधी सभी कानूनों को संविधान की 9वीं सूची में शामिल करने के विषय में सकारात्मक कार्यवाही करें।